ukekdu ----------------------

› **महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**(दूर शिक्षा निदेशालय)**

**सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर - 2017**

**पाठ्यक्रम का नाम** **: एमएसडब्ल्यू**

**अध्ययन सत्र** **: 2016-17 (द्वितीय सत्र)**

प्रश्न-पत्र सं. : 01

प्रश्न पत्र का नाम (हिंदी में) : सामाजिक वैयक्तिक सेवाकार्य (MSW06)

Name of Paper (in English) : Social Case Work (MSW06)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय** प्रश्नों में से **सभी प्रश्नों**, **लघु उत्तरीय** प्रश्नों में से **03** प्रश्न और **दीर्घ उत्तरीय** प्रश्नों में से **03 प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : समाज कार्य की प्राथमिक प्रणाली **नहीं** है-

(क) सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य

(ख) सामाजिक क्रिया

(ग) सामाजिक समूह कार्य

(घ) सामुदायिक संगठन

प्रश्न 02 : सामाजिक वैयक्तिक कार्य प्रक्रिया का चरण है -

(क) अध्ययन

(ख) आंकलन/निदान

(ग) उपचार/मध्यस्थता

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 03 : भारत में सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य की सीमा है-

(क) स्वदेशी साहित्य का अभाव

(ख) कार्यक्षेत्र की मान्यता का अभाव

(ग) बहुत लंबी अवधि का होना

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 04 : बचाव तंत्र में शामिल है-

(क) दमन

(ख) उदात्तीकरण

(ग) क्षतिपूर्ति

(घ) उपर्युक्त सभी

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : संचार का मॉडल नहीं है -

(क) अरस्तू मॉडल

(ख) कैनेथबुक मॉडल

(ग) लॉसवेल मॉडल

(घ) हॉनबुक मॉडल

## लघु उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : मेस्लो के आवश्यकता पदानुक्रम को सचित्र समझाइए।

प्रश्न 07 : व्यक्तित्व के निर्धारकों को संक्षेप में बताइए।

प्रश्न 08 : सेवाकार्य उपकरण के रूप में गृहभ्रमण पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 09 : निर्देशित परामर्श को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 10 : संचार के प्रकारों को समझाइए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : पर्लमेन के अनुसार सामाजिक वैयक्तिक सेवाकार्य के चार प्रमुख अंगों की चर्चा कीजिए।

प्रश्न 12 : वैयक्तिक सेवाकार्य के स्वीकृति के सिद्धांत की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 13 : एक अच्छी रिपोर्ट के गुण बताइए।

प्रश्न 14 : परामर्श की सहायक विधियों को रेखांकित कीजिए।

प्रश्न 15 : अच्छे साक्षात्कार में किस प्रकार की सावधानियाँ रखी जानी चाहिए ?

❖❖❖

ukekdu --------------------

**› महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**(दूर शिक्षा निदेशालय)**

**सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर - 2017**

**पाठ्यक्रम का नाम** : **एमएसडब्ल्यू**

**अध्ययन सत्र** : **2016-17 (द्वितीय सत्र)**

प्रश्न-पत्र सं. : 02

प्रश्न पत्र का नाम (हिंदी में) : सामाजिक समूह कार्य (MSW07)

Name of Paper (in English) : Social Group Work (MSW07)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय** प्रश्नों में से **सभी प्रश्नों**, **लघु उत्तरीय** प्रश्नों में से **03** प्रश्न और **दीर्घ उत्तरीय** प्रश्नों में से **03 प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : टाटा स्कूल ऑफ सोशल वर्क की स्थापना कब हुई?

(क) 1936
(ख) 1946
(ग) 1926
(घ) 1956

प्रश्न 02 : रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की?

(क) रविन्द्रनाथ टैगोर
(ख) स्वामी विवेकानंद
(ग) केशवचंद्र सेन
(घ) महात्मा गांधी

प्रश्न 03 : विद्यालयों में समूह कार्य का लाभ है-

(क) विद्यार्थियों में आत्म विश्वास बढ़ाना
(ख) विद्यार्थियों में सहयोग की भावना बढ़ाना
(ग) विद्यार्थियों में सृजनात्मकता बढ़ाना
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 04 : नेहरू युवा केंद्र की स्थापना कब हुई?

(क) 1972
(ख) 1982
(ग) 1992
(घ) 1962

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : जीवन कौशल शिक्षा में शामिल है-

(क) तदानुभूति

(ख) स्व-जागरूकता

(ग) तनाव की स्थिति से निपटना

(घ) उपर्युक्त सभी

## लघु उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : द्वितीयक समूहों की महत्ता को प्रतिपादित कीजिए।

प्रश्न 07 : महिला एवं बाल विकास क्षेत्र में समूह कार्य को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 08 : सामाजिक कार्यकर्ता को समूह निर्माण करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

प्रश्न 09 : सामाजिक समूह कार्य के मूल्यों को बताइए।

प्रश्न 10 : आपदा पीडितों के साथ समूह कार्य कैसे किया जाता है ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : सामाजिक समूह की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 12 : सामाजिक समूह कार्य के किन्हीं दो प्रारूपों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

प्रश्न 13 : एक अच्छे नेता में आप किन गुणों को देखना चाहते हैं? लिखिए।

प्रश्न 14 : सामूहिक समाज कार्य हेतु समाज कार्यकर्ता की भूमिका को स्प ष्ट कीजिए।

प्रश्न 15 : सामूहिक समाज कार्य में कार्यक्रम नियोजन की अवधारणा पर प्रकाश डालिए।

❖❖❖

ukekdu -------------------

› महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(दूर शिक्षा निदेशालय)

**सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर - 2017**

**पाठ्यक्रम का नाम** : **एमएसडब्ल्यू**

**अध्ययन सत्र** : **2016-17 (द्वितीय सत्र)**

प्रश्न-पत्र सं. : 03

प्रश्न पत्र का नाम (हिंदी में) : सामुदायिक संगठन एवं सामाजिक क्रिया (MSW08)

Name of Paper (in English) : Community Organisation and Social Action (MSW08)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय** प्रश्नों में से **सभी प्रश्नों**, **लघु उत्तरीय** प्रश्नों में से **03** प्रश्न और **दीर्घ उत्तरीय** प्रश्नों में से **03 प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : समुदाय की विशेषता है-

(क) स्थायीपन

(ख) विशिष्ट नाम

(ग) सामान्य जीवन

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 02 : जनजातीय समुदाय की विशेषता है-

(क) सामान्य भू भाग

(ख) सामान्य भाषा

(ग) सामान्य संस्कृति

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 03 : सामुदायिक संगठन की रणनीति **नहीं** है-

(क) सामान्य पहचान की रणनीति

(ख) जनसहभागिता की रणनीति

(ग) राजनीतिक प्रदर्शन की रणनीति

(घ) कार्यक्रम नियोजन की रणनीति

प्रश्न 04 : सामाजिक क्रिया का गांधीवादी मॉडल **नहीं** है-

(क) उग्र अहिंसात्मक परंपरा मॉडल

(ख) रचनात्मक कार्यक्रम का नागरिकता मॉडल

(ग) विनम्र अहिंसात्मक परंपरा मॉडल

(घ) सशस्त्र विद्रोह का मॉडल

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : सामाजिक क्रिया की विशेषता है-

(क) संगठित प्रयास

(ख) व्यापक क्षेत्र

(ग) संघर्ष के तत्व

(घ) उपर्युक्त सभी

## लघु उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : ग्रामीण समुदाय की विशेषताएँ संक्षेप में लिखिए ।

प्रश्न 07 : सामुदायिक विकास कार्यक्रम क्यों असफल हुए हैं?

प्रश्न 08 : सामुदायिक संगठन की सीमाएँ बताइए।

प्रश्न 09 : वंचित समूहों के साथ सामुदायिक अभ्यास कैसे किया जाता है?

प्रश्न 10 : सामाजिक क्रिया में किस तरह के कौशलों की आवश्यकता होती है?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : समुदाय के आवश्यक तत्वों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 12 : समाज कार्य प्रणाली के रूप में सामुदायिक संगठन को समझाइए ।

प्रश्न 13 : भारत में सामाजिक क्रिया की प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 14 : ग्रामीण विकास के लिए आप किस तरह का विकास उपागम प्रस्तुत करना चाहेंगे? तर्क सहित उत्तर लिखिए।

प्रश्न 15 : ग्रामीण एवं शहरी समुदाय की अन्तर्क्रिया को सविस्तार बताइए।

❖❖❖

ukekdu ----------------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## (दूर शिक्षा निदेशालय)

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर - 2017

| | |
|---|---|
| **पाठ्यक्रम का नाम** | : **एमएसडब्ल्यू** |
| **अध्ययन सत्र** | : **2016-17 (द्वितीय सत्र)** |
| प्रश्न-पत्र सं. | : 04 |
| प्रश्न पत्र का नाम (हिंदी में) | : समाज कार्य एवं सामाजिक विकास (MSW09) |
| Name of Paper (in English) | : Social Work and Social Development (MSW09) |

समयावधि : **03** घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय** प्रश्नों में से **सभी प्रश्नों**, **लघु उत्तरीय** प्रश्नों में से **03** प्रश्न और **दीर्घ उत्तरीय** प्रश्नों में से **03 प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : उद्योगीकरण की विशेषता है -

(क) उत्पादन प्रक्रिया

(ख) नवीन उद्योगों की स्थापना

(ग) श्रम विभाजन

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 02 : व्यावसायिक गतिशीलता के कारण हैं -

(क) प्रौद्योगिकीय अविष्कार

(ख) शिक्षा का प्रचार-प्रसार

(ग) अर्जित कौशल

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 03 : उदारीकरण को भारत में कब मूर्त रूप प्रदान किया गया?

(क) 1992

(ख) 1991

(ग) 1993

(घ) 1999

प्रश्न 04 : मानव विकास का संकेतक **नहीं** है-

(क) जीवन प्रत्याशा

(ख) साक्षरता दर

(ग) जन्म दर

(घ) विवाह दर

*प्रश्न जारी ...⟹*

प्रश्न 05 : भारतीय पुनर्वास परिषद कब बना ?

(क) 1994

(ख) 1993

(ग) 1992

(घ) 1991

## लघु उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : प्रवासन के कारण लिखिए।

प्रश्न 07 : हितकारी अर्थव्यवस्था को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 08 : सामाजिक विकास से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 09 : भारतीय न्याय व्यवस्था पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न 10 : आदिवासी समाज की बेहतरी के लिए सुझाव दीजिए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : वैश्वीकरण के समाज पर हुए प्रभावों को अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 12 : विकास के जेंडर परिप्रेक्ष्य को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 13 : संविधान के सामाजिक आदर्शों को रेखांकित कीजिए।

प्रश्न 14 : सामाजिक विधान के समकालीन संदर्भों पर प्रकाश डालिए

प्रश्न 15 : विकास की वर्तमान अवधारणा की समालोचना कीजिए।

❖❖❖

ukekdu --------------------------

› **महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**(दूर शिक्षा निदेशालय)**

**सत्रांत/वार्षिक परीक्षा सितंबर - 2017**

**पाठ्यक्रम का नाम** : **एमएसडब्ल्यू**

**अध्ययन सत्र** : **2016-17 (द्वितीय सत्र)**

प्रश्न-पत्र सं. : 05

प्रश्न पत्र का नाम (हिंदी में) : सामाजिक कल्याण,प्रशासन और नियोजन (MSW10)

Name of Paper (in English) : Social Welfare Administration Policy and Planning (MSW10)

समयावधि : **03** घंटे

पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय** प्रश्नों में से **सभी प्रश्नों**, **लघु उत्तरीय** प्रश्नों में से **03** प्रश्न और **दीर्घ उत्तरीय** प्रश्नों में से **03 प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड कब बना ?

(क) 1952

(ख) 1962

(ग) 1953

(घ) 1963

प्रश्न 02 : सामाजिक विपणन में शामिल **नहीं** है -

(क) उत्पाद

(ख) कीमत

(ग) स्थान

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 03 : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में प्रमुख संशोधन कब किया गया ?

(क) 1992

(ख) 1993

(ग) 1994

(घ) 1995

प्रश्न 04 : राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग कब बना ?

(क) 2001

(ख) 2000

(ग) 2002

(घ) 2003

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : योजना आयोग के स्थान पर कौनसा आयोग बना है ?

(क) वित्त नीति आयोग

(ख) सुनीति आयोग

(ग) राजनीति आयोग

(घ) नीति आयोग

## लघु उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : समाज कल्याण प्रशासन की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 07 : समाज कल्याण प्रशासन में योजना बनाना क्यों जरूरी है ?

प्रश्न 08 : सामाजिक नीति की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 09 : राज्य के नीति निर्देशक तत्वों को बताइए।

प्रश्न 10 : सतत विकास की आवश्यकता क्यों हैं ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : समाज कल्याण प्रशासन के कार्यों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 12 : गैर-सरकारी संगठन समाज कार्य में किस प्रकार योगदान देते हैं ?

प्रश्न 13 : भारत में सामाजिक नीति के समक्ष क्या चुनौतियाँ है ?

प्रश्न 14 : सामाजिक नियोजन के लक्ष्यों पर प्रकाश डालिए ?

प्रश्न 15 : भारत में सामाजिक नियोजन की सफलता के लिए आवश्यक शर्तें क्या हैं ?

❖❖❖